**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 23 नवंबर 2024, समय 1305 (5 मिनट)**

वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के राज्यों से कहा है कि वे अपना कार्यकाल पूरा कर चुके वाहनों को जब्त करने के लिए विशेष अभियान चलाएं और इनकी जानकारी एक नोडल ऐजेंसी के माध्यम से आयोग को दें। आयोग ने धूल बढाने वाले सभी कार्यों को रोकने पर विशेष ध्यान देने को कहा है। आयोग द्वारा पंजाब और हरियाणा को आग की घटनाओं के सत्यापन के लिए अपने प्रोटोकॉल को 48 घंटे से घटाकर 24 घंटे तक करने का निर्देश भी दिया गया है।

**************************************************************

हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि आज का युवा कल का कर्णधार है और भारत के निर्माण में युवाओं का अहम योगदान रहेगा। उन्होंने कहा कि खेल और शिक्षा दोनों में युवाओं को अग्रसर रहना चाहिए। राज्यपाल ने मैडिकल कालेज मुलाना का निरीक्षण करने के दौरान विद्यार्थियों से जीवन में नैतिक मूल्य के महत्व के बारे में भी चर्चा की। इस मौके पर एन.सी.सी के कैडेट्स की टुकड़ी द्वारा राज्यपाल को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।राज्यपाल ने विद्यार्थियों से बातचीत के दौरान कहा कि आज के समय में राष्ट्र निर्माण के लिए पैसा नहीं बल्कि ज्ञान ही सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश भी दिया।इस अवसर पर महर्षि मारकंडेश्वर विश्वविद्यालय के कुलपति ने राज्यपाल के समक्ष विश्वविद्यालय की रिपोर्ट प्रस्तुत की और शिक्षा के क्षेत्र में विश्वविद्यालय द्वारा चलाई जा रही गतिविधियों की जानकारी दी।

**************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा कि प्रयागराज तीर्थ की तर्ज पर गीतास्थली कुरुक्षेत्र को भी स्वच्छ और सुंदर बनाया जाएगा और वे स्वयं भी इस स्वच्छता अभियान में श्रमदान करेंगे। उन्होंने कहा कि इस शहर को स्वच्छ बनाने

के लिए गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद के सुझाव पर 18 सेक्टरों में बांटा जाएगा और 27 नवम्बर से पहले शहर को पूर्णत: स्वच्छ और सुंदर बनाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने सभी समाजसेवी एवं धार्मिक प्रतिनिधियों युवाओं ,महिलाओं और आम नागरिक से इस अभियान में सहयोग करने की अपील की। मुख्यमंत्री कल गीता ज्ञान संस्थानम में कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के तत्वाधान में समाजसेवी संस्थाओं को लेकर आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस कार्यक्रम में कुरुक्षेत्र की सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने करीब 25 से ज्यादा सुझाव दिए। मुख्यमंत्री ने सभी संतों का स्वागत किया और सभी समाजसेवी व धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों से अनुरोध किया कि 28 नवम्बर से 15 दिसम्बर तक चलने वाले अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में सरकार व प्रशासन का मिलकर सहयोग करें ताकि यह महोत्सव गरिमा और भव्यता के साथ सम्पन्न हो सके। उन्होंने कहा कि इस महोत्सव के आयोजन के लिए सरकार की तरफ से बजट की कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र को 27 नवम्बर से पहले स्वच्छ बनाने के लिए एक रूपरेखा तैयार करनी होगी। इसकी जिम्मेदारी उपायुक्त को सौंपी गई है।मुख्यमंत्री ने इस महोत्सव में कुरुक्षेत्र 48 कोस के 182 तीर्थों पर भी एक ही समय में स्वच्छता अभियान  चलने और महोत्सव के दौरान दीपदान, सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ-साथ गीता जैसे कार्यक्रमों का आयोजन करने के निर्देश भी दिए।

*****************************************************************

हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि शिकायतों के गुणवत्तापरक समाधान में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि गुरूग्राम जैसे वैश्विक पहचान रखने वाले जिले में सुविधाओं का अभाव व विकास कार्यों में लापरवाही स्वीकार्य नही है।मंत्री ने गुरुग्राम के बादशाहपुर क्षेत्र में धन्यवादी दौरे के दौरान फर्रुखनगर कस्बे में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए यह बात कही।मंत्री राव नरबीर सिंह ने कस्बे में अगले एक महीने तक प्रत्येक कार्यदिवस पर सुबह 9 बजे से 11 बजे तक समाधान शिविर लगाने के निर्देश दिए। कैबिनेट मंत्री ने फर्रुखनगर कस्बे से

जुड़ी समयसायें  सुनते हुए आमजन को आश्वस्त किया कि आने वाले 5 सालों में विभिन्न विकास परियोजनाओं के माध्यम से फर्रुखनगर का पूर्ण रूप से कायाकल्प किया जायेगा।

************************************************************

हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कल यमुनानगर के रादौर विधानसभा के गांवों का दौरा किया।उन्होंने इस दौरान लोगों की समस्याएं सुनीं और उनका शीघ्र समाधान करवाने का आश्वासन दिया। कृषि मंत्री ने कहा कि हरियाणा देश में एक ऐसा राज्य है, जहां पर किसानों की सबसे अधिक फसलें न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी जा रही हैं। किसान का एक-एक दाना सरकार द्वारा खरीदा जाएगा। श्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि जो विकास कार्य रह गए है या अधूर पड़े हैं उन सभी विकास कार्यों को जल्द पूरा कर दिया जाएगा ताकि जनता को उनका लाभ मिल सकें।

************************************************************

हरियाणा भ्रष्टाचार रोधी ब्यूरो ने फरीदाबाद जिला के एन आई टी पुलिस थाने में तैनात सब इंस्पेक्टर अर्जुन सिंह को साढ़े बारह लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। इस मामले में दूसरा आरोपी राम मौके से फरार हो गया। ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि एक मामले में जमानत पर चल रहे शिकायतकर्ता तथा उसके मित्र विशाल की मदद करने तथा उन्हें जमानत दिलवाने के बदले में उनसे साढ़े लाख रुपए की रिश्वत की मांग की जा रही है। ब्यूरो की टीम ने आरोपी अर्जुन सिंह की गाड़ी से 7 लाख 47 हजार रुपए की राशि भी बरामद की है।

************************************************************

राष्ट्रीय स्कूल खेल हॉकी अंडर-17 प्रतियोगिता का शुभारंभ कल रोहतक में हुआ। इस खेल महाकुंभ में देश के 25 राज्यों के 1200 से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहें हैं।प्रतियोगिता में लड़के व लड़कियों के वर्ग में मुकाबले हो रहे हैं। प्रतियोगिता का शुभारंभ रोहतक के अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने राजीव गांधी खेल परिसर

में किया । जिसमें हॉकी के खेल मुकाबले 27 नवंबर तक चलेंगे।